# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 05.08.2025 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का थोड़ी देर बाद रामगढ़ स्थित उनके पैतृक गांव नेमरा में अंतिम संस्कार होगा। उनका पार्थिव शरीर उनके गांव पहुंच गया है। उनके छोटे बेटे बसंत सोरेन उन्हें मुखाग्नि देंगे। अंतिम संस्कार में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के अलावा कई गणमान्य लोग शामिल होंगे।

*********************

इससे पहले दिशोम गुरु शिबू सोरेन को झारखंड विधानसभा में श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्य के मंत्री, विधायकऔर विभिन्न दलों के नेता मौजूद रहे। विधानसभा परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शिबू सोरेन के निधन को पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

दिशोम गुरु के अंतिम संस्कार में केन्द्र सरकार के प्रतिनिधि के रुप में शामिल होने आये जनजातीय मामलों के केन्द्रीय मंत्री जुएल ओराम ने कहा कि शिबू सोरेन के सिद्धांतों का आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

मौके पर मौजूद विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने भी शिबू सोरेन के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनके बताये मार्ग पर चलकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं।

*********************

इससे पहले कई वरिष्ठ नेताओं ने रांची के मोराबादी स्थित उनके आवास पर दिवंगत शिबू सोरेन के पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मंत्री सुदिव्य कुमार डा. इरफान अंसारी, सांसद पप्पू यादव, राज्यसभा सांसद संजय सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और पूर्व सांसद फुरकान अंसारी मौजूद रहे। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने दिशोम गुरु को भारत रत्न देने की मांग केन्द्र सरकार से की।

*********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट में पिता को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा कि मेरे सिर से सिर्फ पिता का साया ही नहीं गया, झारखंड की आत्मा का स्तंभ चला गया। झारखंड आंदोलन के प्रणेता और राज्य के गौरव, दिशोम गुरु शिबू सोरेन का निधन राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संघर्ष, सादगी और जनता के प्रति समर्पण को याद करते हुए उन्हें झारखंड की आत्मा बताया। मुख्यमंत्री ने वादा किया कि वे अपने पिता के अधूरे सपनों को पूरा करेंगे और झारखंड का सिर कभी झुकने नहीं देंगे।

*********************

सरायकेला खरसावां जिले में उद्योग भारती और आदित्यपुर स्मॉल इंडस्ट्री एसोसियेशन के द्वारा एशिया भवन, आदित्यपुर के सभागार में दिशोम गुरु शिबू सोरेन को सम्मान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान एक मिनट का मौन रखकर दिवंगत की आत्मा की शांति की कामना की गयी।

*********************

सिमडेगा जिले में महिला किसान पारंपरिक खेती से अलग हटकर श्री विधि से धान की रोपाई का रास्ता अपनाया है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*********************

भाजपा के द्वारा आज गिरिडीह में हर घर तिरंगा अभियान  को लेकर एक कार्यशाला आयोजित की गई । मौके पर भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कार्यकर्ताओं से इस कार्यक्रम को जन आंदोलन बनाने की अपील की। भाजपा के जिला अध्यक्ष महादेव दूबे ने बताया कि 10 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। देश के विभाजन विभीषिका दिवस के मौके पर कार्यकर्ता मौन जुलूस निकलेंगे।

*****************